विवरण

सफाई कर्मचारियों व उनके आश्रितों की मुक्ति व पुनर्वास की राष्ट्रीय योजना के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 1991-92 और 1992-93 के दौरान आंबंटित निधियां

(करोड़ रुपये)

क्रम संख्या	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	वर्ष के दौरान निमुक्त राशि	
		1991-92	1992-93
1	आन्ध्र प्रदेश	2.00	2.55
2	असम	0.125	2.02
3	बिहार	3.50	3.13
4	गजरात	2.50	1.86
5	हरियाणा	1.50	1.76
6	हिमाचल प्रदेश	0.60	2.53
7	जम्मू और कश्मीर	0.025	1.00
8	कर्नाटक	1.75	3.99
9	केरल	0.25	0.30
10	मध्य प्रदेश	4.00	13.36
11	महाराष्ट्र	3.70	6.50
12	मेघालय	0.025	-
13	उड़ीसा	3.50	0.58
14	पंजाब	3.50	0.58
15	राजस्थान	4.75	1.01
16	तमिलनाडु	5.00	0.80
17	उत्तर प्रदेश	2.00	14.94
18	पश्चिम बंगाल	2.00	3.63
19	दिल्ली	3.75	0.05
20	पांडिचेरी	0.025	0.05
	कुल :	50.50	60.73

अल्पसंख्यकों के विकास के बारे में समितियों के प्रतिवेदन

1800. श्री राम सिंह राठवा : क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अल्पसंख्यकों के विकास संबंधी अनेक समितियों के प्रतिवेदनों को प्रस्तुत किए जाने के पश्चात् भी अब तक कार्यान्वित नहीं किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) : (क) और (ख) सरकार अल्पसंख्यकों के विकास के विभिन्न पहलुओं तथा उचित निर्णय लेने के लिए समय-समय पर स्थापित समितियों की रिपोर्टों पर विधिवत ध्यान देती रही है।

मध्य प्रदेश में स्वयंसेवी संगठन

1801. श्री जगन्नाथ सिंह : क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में कुल कितने सामाजिक स्वयंसेवी संगठन पंजीकृत हैं और उनके नाम क्या हैं ;